न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर

क्रमांक : वाद / डीसीकोर्ट / 2022 / दिनांक : 12.09.2022

आदेश

प्रार्थी गुलाम मोहम्मद पुत्र कुबडा जाति मुसलमान निवासी भण्डारिया तहसील सेडवा जिला बाड़मेर द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेडवा से उचित न्याय की प्रत्याशा न होने की आशंका पर विचाराधीन राजस्व आवेदन सं. 217 / 2022 अनवान गुलाम मोहम्मद बनाम जालाराम व अन्य तथा विविध प्रकरण संख्या 216 / 2022 अन्यत्र न्यायालय में सुनवाई हेतु स्थानान्तरित किये जाने निवेदन किया गया।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया एवं प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र के द्वारा प्रकट तथ्यों के आधार पर न्यायहित में प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 54 में यथाविहित प्रावधानों के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी सेडवा के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व आवेदन सं. 217 / 2022 गुलाम मोहम्मद बनाम जालाराम व अन्य तथा विविध प्रकरण संख्या 216 / 2022 के प्रकरण सुनवाई एवं निस्तारण हेतु उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है। प्रकरण के पक्षकारान मय अधिवक्तागण सुनवाई हेतु उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना के समक्ष उपस्थित होकर चाराजोही करें।

Lok
(लोक बंधु)
जिला कलक्टर, बाड़मेर

क्रमांक : वाद / डीसीकोर्ट / 2022 / दिनांक : 12.09.2022

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. उपखण्ड अधिकारी सेडवा / धोरीमन्ना
2. अधिवक्ता प्रार्थी / अप्रार्थीगण

Lok
जिला कलक्टर, बाड़मेर
जिला कलक्टर
बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2022.09.22 16:33:59 IST
Reason: SelfAttested